# परीक्षा केंद्र पर दर्ज हुए सात नकल के प्रकरण

## बोर्ड परीक्षा : लाइव मॉनिटरिंग के दौरान मिली गड़बड़ी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं.**

पहले ही दिन हायर सेकेंडरी परीक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रदेश के 3 हजार 604 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई. इस परीक्षा में 6 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए. जो कि सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली. परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, लेकिन लाइव मॉनिटरिंग के दौरान कुछ परीक्षा



केंद्रों पर नकल के संदेह और पर्यवेक्षकों की लापरवाही सामने आई. भोपाल के एक परीक्षा केंद्र पर 7 नकल प्रकरण दर्ज किए गए और पर्यवेक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए. वहीं मुरैना जिले में 6 नकल प्रकरण सामने आए. परीक्षा देकर निकले कई छात्रों ने कहा कि सीसीटीवी निगरानी से ईमानदारी से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षा और भरोसा मिला है. अभिभावकों का भी मानना है कि सख्त निगरानी से मेहनत का सही मूल्य मिलेगा. बोर्ड की यह पहल परीक्षा व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है. परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचे छात्रों के चेहरों पर आत्मविश्वास और हल्का तनाव दोनों साफ दिखाई दिया.

### फर्जी प्रश्न-पत्रों से सावधान रहने की अपील

साइबर क्राइम पुलिस कमिश्नरेट भोपाल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लीक पेपर और फर्जी प्रश्नपत्रों से सावधान रहने की अपील की है. एडवाइजरी जारी करते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने कहा है कि हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं से पहले लीक पेपर और फर्जी प्रक्षपत्र सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स और अन्य माध्यमों पर फैलाए जा रहे हैं. इनसे छात्रों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है और कई बार आर्थिक धोखाधड़ी भी की जाती है. बोर्ड परीक्षा का प्रपत्र केवल परीक्षा केंद्र पर ही मिलता है. सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से मिलने वाला कोई भी पेपर फर्जी है. ऐसे लोगों से सावधान रहें और तुरंत पुलिस को सूचित करें. संदिग्ध पेपर था मैसेज मिलने या किसी भी प्रकार की सायबर कई संबंधित घटना होने की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन और सायबर क्राइम भोपाल के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है.

### 10 नंबर मार्केट से हटाया अतिक्रमण

**भोपाल.** राजधानी में मंगलवार को नए भोपाल में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई के दौरान 10 नम्बर मार्केट में दुकानों के बाहर एवं हॉकर्स कॉर्नर स टीन का शेड, छप्पर हटाकर ठेले, गुमठी, पान पार्लर हटाया गया. वहीं पुराने शहर में भी लगातार कार्रवाई का सिलसिला जारी है. वहां पर पिछले एक माह से लगातार अतिक्रमण विरोधी मुहिम चल रही है और लगातार सामान भी जब्त किया जा रहा है. उसके बाद फिर से अतिक्रमण किया जा रहा है. एक बार फिर से आजाद मार्केट, पीरगेट, जुमेराती, इतवारा, सिंधी मार्केट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर ठेले, गुमठी आदि जब्त किए.




## पुलिस आयुक्त ने किया दौरा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 फरवरी. पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने थाना गोविंदपुरा का औचक निरीक्षण किया. मंगलवार को निरीक्षण के दौरान थाने की बीट व्यवस्था, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई.**

इस मौके पर अधिकारियों एवं स्टाफ को क्षेत्र में सतत गश्त और प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए.

निरीक्षण के बाद थाना क्षेत्र के अन्नानगर चौराहे पर आम नागरिकों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम भी हुआ. पुलिस आयुक्त ने कहा कि सुरक्षित यातायात और अपराध मुक्त समाज के लिए पुलिस और जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है. इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया.

# रस्म अदायगी बनकर रह गई जल सुनवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 फरवरी. दूषित पानी की शिकायतों की जांच के लिए आयोजित की जाने वाली नगर निगम की जलसुनवाई को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. नगर निगम की इस प्रक्रिया को रस्म अदायगी करार देते हुए कहा गया है कि मौके पर पानी की वास्तविक जांच नहीं की जा रही है.**

मंगलवार को शहर के सभी 85 वार्डों में जलसुनवाई का आयोजन किया गया, लेकिन अधिकांश स्थानों पर वार्ड प्रभारी और जोनल अधिकारी मौजूद नहीं रहे. वार्ड क्रमांक 36 में हबीबिया स्कूल में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत के बाद कांग्रेस नेता



मनोज शुक्ला पानी का सैंपल लेकर वार्ड कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां केवल एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी ही मौजूद मिला. कर्मचारियों ने मौके पर सैंपल की जांच से इनकार करते हुए कहा कि केवल सैंपल एकत्र कर उन्हें प्रयोगशाला भेजा जाता है. इस लापरवाही के विरोध में शुक्ला ने मौके पर ही टीडीएस मीटर से पानी की जांच की, जिसमें कथित रूप से हानिकारक तत्व पाए गए.

### 3 आरोपियों ने की युवक की पिटाई

**भोपाल.** चूना भट्टी चौराहे पर ऑटो चालकों के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश के चलते लड़ाई का मामला सामने आया है. तीन आरोपी युवकों ने एक ऑटो चालक के साथ मारपीट कर दी. पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई. मिली जानकारी के मुताबिक 45 वर्षीय महिला वंदना उईके ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. महिला ने बताया कि उसके पुत्र समीर के साथ मनीष, शुभम और अरबाज नाम के युवकों ने मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहे. चूना भट्टी पुलिस के मुताबिक ऑटो चालकों के बीच बदले की भावना से मारपीट की गई.

# गलत कार्य करने को मजबूर कर रही थी सुरैया

## राजधानी में नहीं थम रहा है किन्नर समाज का विवाद

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 10 फरवरी. राजधानी में किन्नर समाज का विवाद दिनों दिन बढ़ता जा रहा है. बीते शुक्रवार को सुरैया और मुस्कान किन्नर के बीच कोहेफिजा क्षेत्र में झगड़ा हुआ था. जिसकी शिकायत संबंधित थाने में पीड़ित पक्ष मुस्कान ने की थी.**

इस मामले कार्रवाई न होने से नाराज मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम सुरक्षा की मांग का ज्ञापन दिया. शहर में मंगलवारा की रहने वाली मुस्कान किन्नर ने आरोप लगाया है कि सुरैया हाजी ने मेरे घर में बने मंदिर को हटाने को कहा जो कि मेरी गुरू शिल्पा तिवारी, सपना और शबाव किन्नर ने बनवाया है.

मंदिर हटाने से मना किया तो मुझे उठवाकर अपने डेरे में ले गई. वहां पर अपने टोली के किन्नरों से मुझे बहुत पिटवाया और लगभग 3 से 4 दिन तक पिंजरे में बंद करके भुखा प्यासा रखा. मुस्कान ने आगे बताया कि मुझ पर गलत कार्य करने का दबाव डाल रही थी. मना करने पर गर्म सलाखों जलाया गया. इस तरह की कोई बड़ी घटना के बचाव में कलेक्टर से सुरक्षा की मांग की.




### मंदिर हटाने का बनाया था दबाव

मुस्कान किन्नर ने का कहना है कि बुजुर्गों के डेरे में बने मंदिर को हटा और इस्लामिक रिति रिवाज को निभाने का दबाव बनाया जा रहा था. सुरैया हाजी मुझ पर लगातार हिन्दू किन्नरों को मुसलमान बनवाने का दवाब डाल रही थी मेरे साथ रह रही मेधा, बिजली बैरागी, नकुशा, प्रभा पटेल, मनीषा कौर, आरोही इंगले, शिवी शाक्या, अन्नु सिमरन, नजर, मोनी, भैरवी, विशाखा, सारिका, सिम्मी किन्नरों को इस्लाम धर्म अपनाने, नमाज पढ़ने दबाव बनाया जा रहा था.

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**भोपाल.** कोलार थाने में एक 29 वर्षीय महिला ने अपनी पहचान के युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. महिला कोलार इलाके में किराए के घर में रहती है. चार साल पहले उसकी मुलाकात मिथुन बाल्मीकि के साथ हुई थी. मिथुन से हुई मुलाकात प्रेम प्रसंग में बदल गई. आरोपी ने महिला से शादी करने का भी वादा किया. महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसका शारीरिक शोषण करने के बाद शादी से मुकर गया. महिला ने इससे पहले रातीबड़ थाने में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था. दोनों के बीच राजीनामा होने के बाद केस वापस हो चुका था और दोनों साथ में रहने लगे थे. पीड़िता का आरोप है कि मिथुन से जब वह फिर से शादी की बात करने लगी, तो उसने मारपीट की थी.

# अभ्यर्थियों ने कराया मुंडन



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 फरवरी. प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था किस अधर में लटकी है. इसका अंदाजा मध्यप्रदेश राजपत्र 2024 में स्कूल शिक्षा विभाग जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत खाली शिक्षकों के पदों से लगा सकते हैं, लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार अभ्यर्थी शिक्षकों की मांगों को सुनने और करने के लिए तैयार नहीं हो रही है.**

प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए करीब 500 अभ्यर्थियों ने बीते सोमवार को पद वृद्धि की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन तो किया, लेकिन मांगों पर कोई लिखित आश्वासन न मिलने पर अभ्यर्थी अंबेडकर पार्क में अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं. इस दौरान कई अभ्यर्थियों ने मुंडन कराकर विरोध दर्ज किया. अभ्यर्थियों ने कहा जब तक सरकार पद वृद्धि की मांग को स्वीकार नहीं कर लेती, हम सब ऐसे ही भूख हड़ताल पर बैठकर प्रदर्शन जारी रखेंगे.

### इनका कहना है

जब चुनाव का समय आता है तो यही नेता घर घर आकर हमसे वोट डालने को कहते हैं. लेकिन आज शिक्षा व्यवस्था का ये हाल बनाकर रखा है, कि 99 पर्सेंटाइल लाने के बाद भी हम बेरोजगार बैठे हैं. क्योंकि पदों की संख्या इतनी कम है कि योग्य और परीक्षा पास अभ्यर्थी भी सड़कों पर हैं. इस बार पद वृद्धि नहीं की तो ये युवा भी वोट नहीं देंगे.



**-राजकुमार लखेरा, सागर**



एक विषय तो ये है कि सरकार के पास पर्याप्त नियुक्तियां न हो, तो पद वृद्धि न की जाये. लेकिन यहां तो राजपत्र 2024 में लाखों की संख्या में शिक्षकों के पद खाली हैं. लेकिन फिर भी वृद्धि को तैयार नहीं हैं. स्कूलों की हालत यह है कि न तो स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही समयबद्ध शिक्षा.

**-विवेक अग्रवाल, श्योपुर**

# पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाएं

## प्रबंध संचालक ने की विद्युत आपूर्ति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा



**भोपाल. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने कहा कि समाधान योजना 2025-26 के दूसरे चरण का लाभ पात्र हितग्राहियों को 28 फरवरी के पूर्व दिलाया जाए.**

चालू फरवरी माह एवं मार्च माह में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने के लिए विक्रित यूनिट को बढ़ाया जाए तथा लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण के लिए सघनता के साथ वसूली अभियान चलाया जाए. उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के फायदे और उपयोगिता को लेकर आमजन और उपभोक्ताओं में जनजागरुकता अभियान चलाया जाए.

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद : प्रबंध संचालक

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 23 तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस दौरान कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया कि स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को जहां स्मार्ट मीटर के फायदे बताए जा रहे हैं, वहीं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जा रहा है.


### 3 आरोपियों ने की युवक की पिटाई

**भोपाल.** चूना भट्टी चौराहे पर ऑटो चालकों के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश के चलते लड़ाई का मामला सामने आया है. तीन आरोपी युवकों ने एक ऑटो चालक के साथ मारपीट कर दी. पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई. मिली जानकारी के मुताबिक 45 वर्षीय महिला वंदना उईके ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. महिला ने बताया कि उसके पुत्र समीर के साथ मनीष, शुभम और अरबाज नाम के युवकों ने मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहे थे.


**जागरुकता** मैनिट कैंपस में 'सेफर इंटरनेट-डे' पर कार्यक्रम

# चिंताजनक है साइबर अपराध : पुलिस आयुक्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 फरवरी. मैनिट कैम्पस में 'सेफर इंटरनेट-डे' मंगलवार को सायबर क्राइम और यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पुलिस आयुक्त संजय कुमार, विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला और मैनिट के डायरेक्टर केके शुक्ला कार्यक्रम में शामिल हुए. इसके साथ ही पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान, मेनेजमेंट स्टॉफ और सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे.



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध को चिंताजनक एवं पुलिस के लिए आने वाले समय में अत्यधिक चुनौतीपूर्ण बताया, साथ ही विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने तथा अनुशासित होकर जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए सारगर्भित मार्गदर्शन दिया. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला ने भोपाल शहर की यातायात व्यवस्था, एक्सीडेंट डेथ, ट्रेफिक रूल्स इत्यादि विषयों पर चर्चा करते हुए सभी से ट्रेफिक नियमो का पालन कर अपना जीवन सुरक्षित करने हेतु अपील की. साथ ही आईटीएमएस, ई-चालान और नई तकनीक के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई.

साथ ही एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने साइबर अपराध के प्रकार एवं उनसे बचाव के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी. मैनिट संस्थान के डायेक्टर प्रो. डॉ. केके शुक्ला ने विद्यार्थियों को सजग और सतर्क रहने और जागरूकता कार्यक्रम का महत्व बताया.


रेल भूमि विकास प्राधिकरण
ई-निविदा के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित करता है
RLDA भूविप्रा भूमि से सम्पदा


चार रेलवे स्टेशनों पर 9 वर्षों के लिए एकीकृत स्टेशन सुविधा प्रबंधन सेवा हेतु





भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन
(आरएफपी नोटिस सं. आरएलडीए/2026/आरएफपी/आईएसएफएम/16 दिनांक 27.01.2026)
धनात्मक वार्षिक प्रीमियम (प्रथम वर्ष)
बिडर्स द्वारा भरा जाएगा।




गुरुग्राम रेलवे स्टेशन
(आरएफपी नोटिस सं. आरएलडीए/2026/आरएफपी/आईएसएफएम/17 ऑफ 2026 दिनांक 27.01.2026)
धनात्मक वार्षिक प्रीमियम (प्रथम वर्ष)
बिडर्स द्वारा भरा जाएगा।



सफदरजंग रेलवे स्टेशन
(आरएफपी नोटिस सं. आरएलडीए/2026/आरएफपी/आईएसएफएम/15 ऑफ 2026 दिनांक 27.01.2026)
धनात्मक वार्षिक प्रीमियम (प्रथम वर्ष)
बिडर्स द्वारा भरा जाएगा।




रानी कमलापति रेलवे स्टेशन
(आरएफपी नोटिस सं. आरएलडीए/2026/आरएफपी/आईएसएफएम/20 ऑफ 2026 दिनांक 28.01.2026)
धनात्मक वार्षिक प्रीमियम (प्रथम वर्ष)
बिडर्स द्वारा भरा जाएगा।

विशेषताएं
- नगर के मध्य स्टेशन, जिसका हवाई, सड़क और रेल से उत्कृष्ट संपर्क।
- अपार यात्रियों के आवागमन वाला स्टेशन जहाँ वाणिज्यिक राजस्व की पर्याप्त संभावनाएँ हैं।
- आधुनिक सुविधाओं (सीसीटीवी, लिफ्ट, एस्केलेटर, बीएमएस आदि) से सुसज्जित।
- फूड कोर्ट, रिटेल, कियोस्क, सशुल्क लाउंज, पार्किंग, विज्ञापन एवं कार्यालय स्थलों में व्यवसाय के उत्कृष्ट अवसर।

कार्य क्षेत्र
- हाउसकीपिंग
- संचालन एवं रखरखाव
- वाणिज्यिक गतिविधियाँ

इस परियोजना से संबंधित अधिक जानकारी हेतु, कृपया हमारी वेबसाइट https://rlda.indianrailways.gov.in पर जाएँ या ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.tenderwizard.in/rlda पर 'ई-टेंडर' शीर्षक के अंतर्गत देखें।

ऑफलाइन एवं ऑनलाइन — सभी स्टेशनों के लिए प्री-बिड मीटिंग का विवरण 12.02.2026 को 11:30 बजे
स्थान — कान्फ्रेंस हॉल, आरएलडीए मुख्यालय, नई दिल्ली-110002

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया संपर्क करें:

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन
मुख्य परियोजना प्रबंधक/कोलकाता, cpmrldakolkata@gmail.com, मोबाइल: 9508880993
सलाहकार (ई एंड वाई), sulabh.goel@in.ey.com, मोबाइल: 9899911835
अधिक जानकारी हेतु यहाँ स्कैन करें।
ऑनलाइन ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 19.03.2026 को 15:00 बजे तक

गुरुग्राम रेलवे स्टेशन
मुख्य परियोजना प्रबंधक/नई दिल्ली-4, cpmnd4@gmail.com, मोबाइल: 9717428300
सलाहकार (ई एंड वाई), jyotiranjan.jena@in.ey.com, मोबाइल: 9650075233
अधिक जानकारी हेतु यहाँ स्कैन करें।
ऑनलाइन ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 18.03.2026 को 15:00 बजे तक

सफदरजंग रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली
मुख्य परियोजना प्रबंधक/नई दिल्ली-3, cpm3.rlda@gmail.com
सलाहकार (ई एंड वाई), sulabh.goel@in.ey.com, मोबाइल: 9899911835
अधिक जानकारी हेतु यहाँ स्कैन करें।
ऑनलाइन ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 11.03.2026 को 15:00 बजे तक

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, भोपाल
मुख्य परियोजना प्रबंधक/जयपुर, gramkumawat@gmail.com, मोबाइल: 8529157458
सलाहकार (ई एंड वाई), sulabh.goel@in.ey.com, मोबाइल: 9899911835
अधिक जानकारी हेतु यहाँ स्कैन करें।
ऑनलाइन ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 19.03.2026 को 15:00 बजे तक

नोट:- कोई भी शुद्धिपत्र या परिशिष्ट केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
ई-निविदा पूछताछ हेतु: श्री सूरज सिंह (सीईएल) । ई-मेल: suraj@etenderwizard.com । मोबाइल: 9599653865
रेल भूमि विकास प्राधिकरण, यूनिट संख्या 702-बी, 7वां तल, कन्नेक्टस टावर-2, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, दिल्ली - 110002